


नवभारत
इंदौर, गुरूवार, 31 जुलाई , 2025




एक नजर में

## श्री कल्लाजी महाराज के जन्मोत्सव पर होगे दो दिवसीय कार्यक्रम



**झाबुआ।** शहर के गोविंदनगर कॉलोनी स्थित जय मां अम्बे नागणेचा श्री कल्लाधाम शक्तिपीठ पर श्रीश्री 1008 शेषावतार वीर श्री कल्लाजी राठौड़ का जन्मोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। सभी आयोजन गादिपति कुंवर संतोषसिंह गेहलोत के सानिध्य में होंगे। आयोजन श्री कल्लाजी परिवार एवं भक्त मंडल द्वारा किए जाएंगे। जिसमें प्रथम दिन 31 जुलाई की रात 8 बजे से शक्तिपीठ पर संगीतमय सुंदरकांड एवं समुधर भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। 1 अगस्त को सुबह 9 बजे से भगवान का अभिषेक पश्चात् दोपहर 1 बजे से महाआरती होगी। महाआरती पश्चात् फलाहार का प्रसाद वितरित किया जाएगा। बाद 2 बजे से गादी के दर्शन भक्तों द्वारा किए जाएंगे। दो दिवसीय आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की गई है। मंदिर व्यवस्थापक कुंवर लोकेन्द्रसिंह गेहलोत द्वारा दो दिवसीय आयोजन में समस्त भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।

## जोबट उप जेल में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया



**अलीराजपुर ।** समीपस्थ स्थित जोबट की सब जेल में जेलर सुश्री उज्जवला वाघमारे ने बताया कि राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (हृङ्क।ष्टक्क) के अंतर्गत विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जेल में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया । इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी कैदियों की जांच की गई । साथ ही वर्षा ऋतु में साफ सफाई के महत्व की जानकारी दी गई । डॉ. नरेंद्र मोरी, डॉ. वी एस सोलंकी दंत चिकित्सक सहीत श्री अमोल सिमी, मीना बघेल, प्रकाश तोमर, पी एस सिकरवार नेत्र चिकित्सा सहायक उपस्थित रहे । इस स्वास्थ्य शिविर के लिए श्रीमती एल्विना दयाल शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सब जेल जोबट का समस्त स्टाफ उपस्थित था ।

## उमराली में लगातार चोरी से ग्रामवासियों का आक्रोश फूटा, सैकड़ों की संख्या में लोग जिला मुख्यालय आए, ज्ञापन सौंपा



**आलीराजपुर।** समीपस्थ ग्राम उमराली में कुछ ही दिनों में सात घर से चोरी की वारदात से ग्रामीण परेशान होकर बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पर पहुंचे। बता दें बीती रात एक साथ तीन घर में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था इसमें गिरधारीलाल बिल्डर के यहां से 3 लाख 50 हजार रुपये की चोरी, कमलाबाई घर से 2 लाख 50 हजार रुपये और आभूषण मुकेश के घर से 2.5 किलो चांदी और 75 हजार रुपये की चोरी हुई थी। एक ही रात में इस तरह की संगठित चोरी की घटना से ग्रामवासियों में भय व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने उमराली चौकी के पुलिस कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए दायित्व के उचित निर्वाह नहीं करने का आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक से मिलकर ग्रामवासियों में मांग की हैं कि उमराली में पुलिस चौकी गांव के बाहर बनी हुई है। पुलिस विभाग पहले की तरह बाजार से संचालित होने के साथ पुलिस बल रात्रि भोज को बढ़ावा देता है। ग्रामवासियों ने कहा है कि ग्रामवासियों में संगठित तरीके से लगातार चोरी होने से डर का माहौल है। क्योंकि पिछली बार हुई चोरी का खुलासा भी नहीं हुआ है। ग्रामवासियों की जान माल की ग्राम वासियों ने ज्ञापन सौंपकर उमराली क्षेत्र में सुरक्षा के लिए पुलिस बल बढ़ाने के साथ ही व्यवस्था को दुरुस्त करने और चोरो को पकड़ने की मांग की है।

## नकबजनी की बड़ी वारदात का खुलासा



**आलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि एक बड़ी चोरी का खुलासा मात्र एक हफ्ते में पुलिस ने किया हैं। इस संबंध में बताया कि फरियादी रश्मी सोलंकी पति हरि सोलंकी राजपूत, उम्र 48 वर्ष, निवासी आषाडपुरा अलीराजपुर द्वारा थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 22 जुलाई को दोपहर में उनके पति द्वारा रुपये से भरी एक थैली घर पर रखवाई गई थी। उसी दौरान घी बेचने के बहाने एक महिला पानी मांगने आई। पानी लाने के लिए फरियादिया घर के अंदर गई और रुपये की थैली सामने वाले कमरे की टेबल पर रख दी। जब वह पानी लेकर लौटी तो वह महिला और रुपये की थैली दोनों गायब थे। थैली में कुल 4,90,000/- रुपये थे। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अलीराजपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल एवं एसडीओपी अलीराजपुर अश्विनी कुमार के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई।पूछताछ में आरोपी अनिल वाघरे ने अपनी महिला मित्र तोरल पति राजु चौरसिया के साथ मिलकर रुपये की थैली चोरी करना स्वीकार किया। निशानदेही पर ?3,00,000/- नगद बरामद किए गए। शेष राशि उसकी महिला मित्र तोरल को देना बताया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सोनू सिटोले के नेतृत्व में सउनि अरुण राठौर, सउनि रामकुमार यादव, प्रआर प्रताप डावर, आरक्षक गंगाराम, सुमित, गजेन्द्र, जितेन्द्र, अकरम, संतोष, सेवकराम तथा सुरत सॉयबर टीम के प्रआर दिलीप, प्रमोद, राहुल एवं संदीप सराहनीय योगदान रहा।

# दशा माता मंदिर पर दशा माता पर्व को लेकर हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

**झाबुआ।** शहर के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित दशा माता मंदिर पर दशा माता पर्व हर्षोल्लापूर्वक एवं धार्मिक माहौल के बीच मनाया जा रहा है। प्रथम दिन 24 जुलाई को माताजी मंदिर में दशा माता की मूर्ति स्थाापित कर पूजन एवं उद्यापन किया गया। 2 अगस्त को मंदिर में यज्ञ बाद पूर्णाहूति पर महाआरती एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है। मंदिर के सेवक वैभव हटिला ने बताया कि दशा माता मंदिर में 10 दिवसीय दशा माता का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मंदिर में माता की मूर्ति के सम्मुख ज्वारे बोए जाने के साथ माताजी की प्रतिमा के सामने अखंडज्योत भी प्रज्जवलित की गई है। प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे एवं रात्रि 10.30 बजे माताजी की विशेष आरती हो रहीं है। जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी एवं भक्तजन सम्मिलित हो रहे है। आरती बाद प्रसादी वितरण हो रहा है। मंदिर परिसर में महिलाओं और युवाओं द्वारा गरबे खेले जा रहे है। दशा माताजी की सेवक

निर्मला दीदी द्वारा भक्तों की समस्या का निवारण



करने के साथ इस दौरान दशा माताजी से श्रद्धालुओं द्वारा मन्नते मांगने एवं परिवार की खुशहाली-समृद्धि के लिए भी कामना की जा रहीं है। 2 अगस्त की सुबह 10 बजे से यज्ञ का आयोजन होगा। जिसकी पूर्णाहूति पर विशेष आरती कर दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक भंडारा (प्रसादी) का आयोजन रखा गया है। इसी दिन रात्रि में जागरण का भी आयोजन होगा।

### डेढ़ फिट की चांदी की प्रतिमा स्थापित की

मंदिर के सेवक वैभव हटिला के अनुसार दशा माता मंदिर में दशा माता की मुख्य प्रतिमा के पास करीब 20 वर्ष पुरानी चांदी की मूर्ति की भी स्थापना की गई है। यह मूर्ति 10 दिनों के लिए विशेष रूप से भक्तों के दर्शनार्थ स्थापित कर नित्य माता का श्रृंगार, पूजन कर चोला चढ़ाया जा रहा है। शहर में 10 दिवसीय दशा माता पर्व को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने घरों पर भी माताजी की मूर्तियों की स्थापना कर नित्य पूजन, आरती-प्रसादी के साथ गरबों का आयोजन किया जा रहा है। अंतिम दिन चल समारोह निकालकर मूर्तियों एवं बोए गए ज्वारों का विसर्जन किया जाएगा।



## राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त दल ने की हॉटलों की जांच

झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार 30 जुलाई को तहसीलदार झाबुआ के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से झाबुआ नगर की हॉटलों की जांच कर कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया गया कि आज मुख्य रूप से राजगढ़ नाका स्थित हॉटल अशोका, आजाद चौक स्थित रूप श्री स्वीट्स एवं बस स्टैंड स्थित हॉटल बालाजी से मिठाई, नमकीन, बेसन के लड्डू एवं अन्य खाद्य सामग्री के कुल 5 नमूने जांच में लिए गए हैं। जांच में लिए गए नमूनों को भोपाल स्थित परीक्षण प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजा जा रहा है। जांच के संयुक्त दल में तहसीलदार झाबुआ सुनील कुमार डावर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेलसिंह मोरी उपस्थित थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया गया कि आज नगर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिसमें आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न हॉटल एवं मिठाई दुकानों की जांच की गई। यह अभियान लगातार रक्षाबंधन तक जारी रहेगा।




## शासकीय आदर्श महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**झाबुआ।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य पीके उछावर के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें प्राचार्य द्वारा अधिकाधिक पौधारोपण करने का संदेश देते हुए महाविद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई। प्रो. मुकेश बघेल ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि पौधारोपण करने से हरियाली को बढ़ावा मिलने से हमारा पर्यावरण शुद्ध और संतुलित रहता है। पौधारोपण के अनेकों लाभ है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भूरसिंह निगवाल ने कहा कि पौधारोपण करना ही हमारा ध्येय नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. राकेश बघेल, डॉ. दिलीपकुमार परसेंडिया, प्रो. मुकेश सूर्यवंशी, प्रो. करिश्मा आवासे, प्रो. संजय खांडेकर, डॉ. अनिता डावर, डॉ. कीर्ती सिंगोरिया, प्रो. सोनिया चौहान, प्रो. एमपी सिंह, कोमल बारिया, जितेंद्र कौरव जितेंद्र नायक, अंतिम बाला, डॉ. योगेश जायसवाल, डॉ. राजेश पाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## प्रदेश की 24 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों का हो रहा कायाकल्प

**झाबुआ।** प्रदेश की कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग निर्मला भूरिया ने बताया कि प्रदेश के लगभग 24 हजार 662 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 25 प्रतिशत केंद्रों को आधुनिक तकनीक और मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बनाया जा रहा है। यह पहल प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित आंगनवाड़ी केंद्र को 1 लाख रूपये की लागत से उन्नत किया जा रहा है। उन्नयन में एलईडी (स्मार्ट टीवी), वॉटर प्यूरीफायर, वर्षा जल संचयन प्रणाली, पोषण वाटिका, और अन्य गतिविधियों हेतु आवश्यक संसाधनों की स्थापना सम्मिलित है।

### साफपानी से स्वास्थ्य सुरक्षा

आंगनवाड़ी केंद्रों पर वॉटर प्यूरीफायर लगाए जा रहे हैं, जिससे हितग्राहियों को स्वच्छ पेयजल सुलभ हो सके। यह प्रयास जलजनित बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी साबित होगा और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। वही जल स्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना की जा रही है। बरसात के पानी को संरक्षित कर भूगर्भीय जलस्तर को पुनर्जीवित करने का यह नवाचार राज्य के सतत विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। विभाग द्वारा इस प्रणाली के संचालन हेतु मैदानी अमले को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### बच्चों को मिलेगी स्मार्ट शिक्षा

प्रारंभिक शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्रों में एलईडी स्मार्ट टेलीविज़न लगाए जा रहे हैं। इनका उपयोग 3 से 6 वर्ष के बच्चों को हिन्दी-अंग्रेज़ी वर्णमाला, गिनती और अन्य पूर्व-प्राथमिक शिक्षा गतिविधियों के विज़ुअल टूल्स के माध्यम से ज्ञान देने में किया जाएगा। यह पहल बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और आनंद उत्पन्न करेगी, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बल मिलेगा।

## शहर में सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित



**झाबुआ।** भारी वाहनों के शहर में प्रवेश से होने वाली दुर्घटना एवं हादसों को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर नगरपालिका एवं ट्रेफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शहर में 30 जुलाई को दिनभर आम सूचना जारी करते हुए एलाउंस करवाया गया। जिसमें शहर कस्बे में सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। एलाउंस के माध्मय से समस्त नागरिकों को सूचित किया गया कि झाबुआ शहर एवं बाजारों में सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। भारी वाहन डायवर्शन मार्ग से होकर निकलेंगे। जिसमें रानापुर रोड़ पर मां त्रिपुरा नर्सिंग कॉलेज, ग्राम भोयरा रोड़, पारा फटक, करड़ावद बड़ी स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप फरलेन मार्ग, रंगपुरा में अंडर ब्रिज से होकर निकलेंगे। शहर कस्बे के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ज्ञातव्य रहे कि विगत दिनों शहर से गुजरने वाली उत्कृष्ट सड़क पर कलेक्टर निवास के सामने हाल ही में कलेक्टर नेहा मीना के वाहन को एक डंपर चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्टर मार दी गई थी। जिसमें कलेक्टर श्रीमती मीना, उनके गार्ड तथा वाहन चालक को तो चोटे नहीं आई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा डंपर चालक एवं मालिक के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की गई। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया है।




## जन जागरूकता अभियान चलाया

**झाबुआ।** विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में 30 जुलाई को विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन झाबुआ के एक्सेस टू जस्टिस परियोजना अंतर्गत मेघनगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फ़ोर्स और रेलवे स्टेशन प्रशासन के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें मुख्य रूप से बाल तस्करी विषय पर आर. पी. एफ़ स्टाफ द्वारा स्टेशन पर उपस्तिथ यात्रियों को और ट्रेन से आने जाने वाले आमजनों को बाल तस्करी कैसे होती है एवं कोई बालक या बालिका अगर ट्रेन में गुमशुदा पाए जाये या बल पूर्वक अगर किसी बच्चे को कही ले जाया जा रहा हो तो उसकी सूचना तुरंत आर. पी. एफ़ स्टाफ को देनी है। साथ ही टोल फ्री नंबर 1098 और 139 पर भी इसकी सूचना दे सकते है, इस बाबत सभी को समझाइश दी गयी। कार्यक्रम एक्सेस टू जस्टिस परियोजनना प्रभारी राजकुमार भंडारी, कार्यकर्त्ता वालचंद खापेडिया, सुनीता गरवाल द्वारा किया गया।

एक नजर

**अभियान के समापन समारोह की शुरूआत ब्रह्मकुमारी दीदी द्वारा ध्यान सत्र के साथ की गई**

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का हुआ समापन

**झाबुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना एवं इंदौर ग्रामीण जोन आईजी अनुराग के निर्देशन में राज्य भर में चलाए गए नशे से दूरी, है जरूरी अभियान का समापन 30 जुलाई को संपन्न हुआ। यह विशेष अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में एक संगठित एवं समर्पित प्रयास के रूप में चलाया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं सहित आम नागरिकों को नशे की बुरी आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना एवं समाज में जागरूकता फैलाना था। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के समापन समारोह की शुरुआत ब्रह्मकुमारी दीदी द्वारा ध्यान (मेडिटेशन) सत्र के साथ की गई।**

इस अवसर पर उपस्थित पुलिस बल, विद्यार्थीगण एवं अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्य सभी ने इस ध्यान सत्र में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक शुक्ल द्वारा संबोधित करते हुए बताया कि जिले में अभियान के तहत जनजागरूकता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया। जिले के स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान बैनर, पंपलेट, रंगोली, लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान तथा जनजागरूकता रैली जैसे रचनात्मक माध्यमों से लोगों को जोड़ा गया। युवाओं में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस अभियान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत हुई है और युवा वर्ग निश्चित ही नशामुक्त जीवनशैली की और अग्रसर होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्रह्मकुमारी, गायत्री परिवार, रक्षा सखी टीम, स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में अभियान को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाने वाले प्रतिभागियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी पेटलावद अनुरक्ति सबनानी, एसडीओपी थांदला नीरज नामदेव, रक्षित निरीक्षक अखिलेश राय, ब्रह्माकुमारी, गायत्री परिवार के सदस्य, रक्षा सखी टीम, समस्त ऑफिस स्टाफ एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

